नीचे दिये गये कोड/कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए-

(a) 1 और 2 सही (b) 1 और 3 सही

(c) 2 और 3 सही (d) 1, 2 और 3 सही

Complier Exam Date-21.08.2016

Ans. (b) दिये गये प्रश्न में कूट 1 एवं 3 सही है। मरुस्थलीकरण के प्रमुख कारण वनोन्मूलन, अत्यधिक पशुचारण, भू-क्षरण, उच्च तापमान, कम वर्षा है। थार मरुस्थल, राजस्थान के कुल क्षेत्रफल का लगभग 61% भाग है। केन्द्रीय मरु अनुसंधान संस्थान, जोधपुर में स्थित है।

274. राजस्थान का सबसे ऊँचा पठार है-

(a) भोराठ (b) मेसा

(c) उड़िया (d) लासाड़िया

Live Stock Assistant (Non TSP Area)- 21.08.2016

Ans. (c) राजस्थान राज्य का सबसे ऊँचा पठार उड़िया पठार है। इसकी समुद्र तल से ऊँचाई 1360 मीटर है। उड़िया का पठार राजस्थान राज्य के सिरोही जिले के माउंट आबू नामक जगह पर स्थित है।

राजस्थान के अन्य प्रसिद्ध पठार है- आबू का पठार, भोराठ का पठार, मेसा का पठार, काकनबाड़ी का पठार आदि।

275. राजस्थान भू-क्षेत्र में अरावली पर्वतमाला की लम्बाई लगभग कितनी है-

(a) 692 किमी. (b) 710 किमी.

(c) 652 किमी. (d) 550 किमी.

Live Stock Assistant (Tsp Area)- 16.10.2016

Ans. (d) अरावली रेंज का विस्तार गुजरात के हिम्मतनगर से दिल्ली तक लगभग 720किमी. दूरी तक विस्तारित हैं अरावली श्रेणी लाखों वर्ष पुराने है इसका निर्माण भारतीय उपमहादीपय प्लेट के यूरेशियन प्लेट की मुख्य भूमि से टकराने के कारण हुआ है। यह विश्व के पुरोन वलित पर्वतों में से एक है, जो अब एक अवशिष्ट पर्वत के रूप में विद्यमान है, इस श्रेणी की ऊँचाई 300मी.-900मी. के मध्य अरावली रेंज की सबसे ऊँची चोटी माउंट आबू पर स्थित है। गुरू शिखर (1722मी.) हैं अरावली श्रेणी का राजस्थान में विस्तार 550 किमी. है।

276. 'काठल' नाम किससे सम्बन्धित है?

(a) बीकानेर (b) सिरोही

(c) जोधपुर (d) प्रतापगढ़

Junior Engineer Non TSP 2015

Ans. (d) : माही नदी के किनारे-किनारे प्रतापगढ़ का भू-भाग कांठल है। इसलिए माही नदी को कांठल की गंगा भी कहा जाता है। बांसवाड़ा और प्रतापगढ़ के मध्य का भू-भाग छप्पन का मैदान कहलाता है।

277. भारत में उपलब्ध निम्न परिस्थितियों में से राजस्थान में सर्वाधिक रूप से उपलब्ध है—

(a) वायु तापमान में अतिशयता (b) निम्न सापेक्षिक आर्द्रता

(c) वर्षा में बहुत अधिक विषमता (d) सूर्य-धूप की दीर्घावधि

RPSC RAS/RTS 1996

Ans. (d) : राजस्थान की स्थिति 23°3' से 30°12' उत्तरी अक्षांश में है। राजस्थान के दक्षिणी भाग से होकर कर्क रेखा गुजरती है, इस कारण राजस्थान में सर्वाधिक सूर्य की धूप रहती है। राजस्थान का पश्चिमी शुष्क प्रदेश भारत का सबसे अधिक गर्म प्रदेश है।

278. निम्न में से कौन-सा युग्म सही है?

	प्रतिशत मरुस्थल क्षेत्र (राजस्थान)	प्रतिशत जनसंख्या (राजस्थान)
(a)	60	40
(b)	55	45
(c)	40	50
(d)	40	60

RPSC RAS/RTS 1996

Ans. (a) : राजस्थान देश का सर्वाधिक क्षेत्रफल वाला राज्य है। राजस्थान के सम्पूर्ण क्षेत्रफल (342239 वर्ग किमी0) का लगभग 60 प्रतिशत भूभाग मरुस्थलीय है। इस मरुस्थलीय क्षेत्र में राजस्थान की कुल संख्या (56507188) में से 40 प्रतिशत जनसंख्या मरुस्थलीय क्षेत्रों में निवास करती है। राजस्थान के मरुस्थलीय क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले जिले हैं — श्रीगंगानगर, बाड़मेर, चुरु, जैसलमेर, बीकानेर, जोधपुर, जालौर, नागौर तथा पाली।

279. संलग्न राज्यों का जिला जो प्रत्यक्ष राजस्थान को छूता नहीं है—

(a) भटिण्डा (b) भिवानी (c) झाबुआ (d) भुज

उत्तर - (a) **RPSC RAS/RTS 1996**

व्याख्या—पंजाब की भटिण्डा जिले की सीमा राजस्थान को स्पर्श नहीं करती है। भिवानी (हरियाणा), कच्छ (गुजरात), झाबुआ (मध्य प्रदेश) जिले की सीमायें राजस्थान को स्पर्श करती हैं।

280. स्थिति के अनुसार जो युग्म शेष अन्य से भिन्न है, वह है—

(a) अलवर — भरतपुर

(b) बीकानेर — श्रीगंगानगर

(c) जैसलमेर — जालौर

(d) डूंगरपुर — बांसवाड़ा

उत्तर-(c) RPSC RAS/RTS 1999-2000

व्याख्या—अलवर, भरतपुर, बीकानेर श्रीगंगानगर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा सीमावर्ती युग्म जिलें हैं। जैसलमेर व जालोर के मध्य बाड़मेर जिला है।

281. जिस राज्य के साथ राजस्थान की सबसे छोटी अंतर्राज्यीय सीमा है, वह है-

(a) गुजरात (b) मध्य प्रदेश (c) हरियाणा (d) पंजाब

उत्तर-(d) RPSC RAS/RTS 1999-2000

व्याख्या- राजस्थान राज्य का क्षेत्रफल 342239 वर्ग किमी. है, जो भारत के कुल क्षेत्रफल का 10.41 प्रतिशत है। इस राज्य के पश्चिम में पाकिस्तान, पूर्व में उत्तर प्रदेश, उत्तर में पंजाब, उत्तर-पूर्व में हरियाणा व दिल्ली, दक्षिण-पूर्व में मध्य प्रदेश व दक्षिण में गुजरात है। इस राज्य से न्यूनतम सीमा पंजाब राज्य की है तथा अधिकतम सीमा मध्य प्रदेश राज्य की है।

282. राजस्थान में बेकार भूमि का क्षेत्र जिस जिले में सबसे अधिक पाया जाता है, वह है-

(a) जालौर (b) बाड़मेर

(c) पाली (d) जैसलमेर

उत्तर-(d) RPSC RAS/RTS 1999-2000

व्याख्या : राजस्थान के जैसलमेर जिले का अधिकांश भाग रेगिस्तानी है और यहां सिंचाई की कोई सुविधा नहीं है। यहां पर मात्र 2-3 सेमी. वर्षा होती है।

283. राजस्थान के भूभाग क्षेत्रफल का कितना भाग रेगिस्तान है?

(a) लगभग एक-चौथाई (b) लगभग एक-तिहाई

(c) लगभग आधा (d) लगभग दो-तिहाई

उत्तर-(d) RPSC RAS/RTS 2003